क्रिएटिव आइडिया को मिलेगी 25 लाख की फंडिंग

जयपुर • कोरोना के चलते फाइनेंशियल क्राइसिस से जूझ रहे स्टार्टअप्स को नियाम एग्री बिजनेस इन्क्यूबेटर (नाबी) फंडिंग में हेल्प कर रहा है, जहां एग्री स्टार्टअप्स को 25 लाख रुपए तक की अनुदान सहायता मिल सकेगी। कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से नाबी 'एग्री प्रेन्योरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम' और 'स्टार्टअप एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन प्रोग्राम' चला रहा है। आपके पास मिल्क, एग्री प्रोडक्ट्स, मशीनीकरण जैसे कृषि क्षेत्र से संबंधित किसी भी सेक्टर में कोई इनोवेटिव आइडिया है, तो इस आइडिया से संबंधित प्रस्ताव आप राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान की वेबसाइट www.ccsniam.gov.in पर अप्लाई कर सकते हैं। सबसे बेहतर और इनोवेटिव आइडिया को 2 माह की आवासीय ट्रेनिंग और 25 लाख रुपए तक की अनुदान सहायता के लिए चयन किया जाएगा।

60 में से 54 स्टार्टअप को मिली फंडिंग: पिछले सत्र में नाबी ने 60 स्टार्टअप्स को प्रशिक्षण दिया, जिसमें से 54 स्टार्टअप को फंडिंग के लिए चुना गया। इन 54 में से 39 स्टार्टअप को मंत्रालय से 5 करोड़ की अनुदान सहायता मिल चुकी है।